पुलिस एवं ड्रग विभाग ने फतुहा में की छापेमारी, करोड़ों का नकली दवा व रैपर बरामद

पटना सिटी : ब्रांड प्रोटेक्शन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड पटना पुलिस एवं ड्रग डिपार्टमेंट को बड़ी सफलता हाथ लगी है। ब्रांड प्रोटेक्शन की गुप्त सूचना पर फतुहा थाने क्षेत्र के गोविंदपुर के महारानी चौक स्थित अनुज कुमार के मकान में छापेमारी की गई। जहां से अवैध रूप से बनाए जा रहे बड़े-बड़े ब्रांड्स के दवाइयों के नकली रैपर्स, नकली दवाईयां और फिनिश्ड प्रोडक्ट बरामद किए गए हैं। मौके से बरामद नकली रैपर्स और दवाइयों की कीमत करोड़ों रुपयों में लगाई जा रही है। पुलिस ने बरामद रैपर्स समेत दवाइयों को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने बताया कि अनुज कुमार का मकान किराए पर लेकर रमेश कुमार इस गोरख धंधे को धड़ल्ले से चला रहा था।

Source: https://22scope.com/police-and-drug-department-conducted-raids-in-fatuha-fake-medicines-and-wrappers-recovered/